# केन्द्रीय विदयालय संगठन

## वाराणसी संभाग

## संकलित परीक्षा द्वितीय सत्र-2016-17

कक्षा VI पूर्णांक: 60

विषय -हिन्दी समय -2.30 घंटे

प्रश्न 1- निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए |1x5= 5

एक बार रेलवे स्टेशन पर टिकट लेते हुए गलती से मैंने दस के नोट की बजाय सौ रुपए का नोट दे दिया और मैं जल्दी-जल्दी गाड़ी में आकर बैठ गया | थोड़ी देर में टिकट बाबू उन दिनों के सेकेंड क्लास के डिब्बे में हर आदमी का चेहरा पहचानता हुआ उपस्थित हुआ | उसने मुझे पहचान लिया और बड़ी विनम्रता के साथ मेरे हाथ में नब्बे रुपए रख दिए और बोला, "यह बहुत गलती हो गई थी | आपने भी नहीं देखा था ,मैंने भी नहीं देखा |" उसके चेहरे पर विचित्र संतोष की गरिमा थी | मैं चकित रह गया |

1-लेखक ने टिकट बाबू को कितने का नोट दिया ?

(क) पचास का (ख) सौ का

(ग) पाँच का (घ) बीस का

2-टिकट बाबू लेखक को क्यों ढूंढ़ रहा था ?

(क)उनसे बकाया पैसा लेने के लिए (ख) उन्हें नब्बे रुपए देने के लिए

(ग)माँफी माँगने के लिए (घ)उन्हें टिकट देने के लिए

3-टिकट बाबू से लेखक को कितने पैसे वापस मिले ?

(क)नब्बे रुपए (ख) पचास रुपए

(ग)दो सौ रुपए (घ)बीस रुपए

4-लेखक किस बात पर चकित था ?

(क)अपने पैसे वापिस मिलने पर (ख) टिकट बाबू की बात पर

(ग)टिकट बाबू की ईमानदारी देखकर (घ)इनमें से कोई नहीं

5-ईमानदारी का विलोम शब्द इनमें से क्या है ?

(क) सत्यवादी (ख) चापलूस

(ग)बेईमानी (घ) दानी

**प्रश्न-2** निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए |1x5= 5

वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में हैं| इनका संबंध देहात की जनता से है | बड़ी जान होती है इनमें | चैता,कजरी,बारहमासा,सावन आदि मिर्जापुर,बनारस और उत्तर प्रदेश के पूरबी और पश्चिमी जिलों में गाए जाते हैं | बाउल और मतियाली बंगाल के लोकगीत हैं | पंजाब में माहिया आदि इसी प्रकार के हैं | हीर-राँझा ,सोहनी-महीवाल संबंधी गीत पंजाबी में और ढोला-मारू आदि के गीत राजस्थानी में बड़े चाव से गाए जाते हैं |

1-लोकगीतों का वास्तविक संबंध किनसे है ?
(क)शहरों से (ख) गाँव व देहातों से
(ग) कस्बों से (घ) दूर दराज के प्रांतों से

2-बंगाल के प्रमुख लोकगीत कौन से हैं ?
(क) चैता (ख)कजरी
(ग)माहिया (घ) बाउल और मतियाली

3-कजरी ,चैता, बारहमासा कहाँ के लोकगीत हैं ?
(क) राजस्थान (ख)गुजरात
(ग) पंजाब (घ) उत्तर प्रदेश

4-'माहिया' लोकगीत कहाँ की देन है ?
(क) बनारस (ख)पंजाब
(ग)राजस्थान (घ)बिहार

5-राजस्थानी भाषा में कौन से लोकगीत गाए जाते हैं?
(क)माहिया (ख)कजरी
(ग)बारहमासा (घ)ढोला-मारू

प्रश्न-3 किंहीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2x3=6

1-दुनिया का पुराना हाल किन चीजों से जाना जाता है ?कुछ चीजों के नाम लिखिए |

2-प्रकृति का जादू किसे कहा गया है ?

3-बूढ़े बाँस एवं युवा बाँस में क्या अंतर होता है ?

4-भारतीय छात्रों ने किसे और किस लिए आमंत्रित किया था ?

**प्रश्न-4** निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए |1x5= 5

फूलों से नित हँसना सीखो,
भौंरों से नित गाना |
तरु की झुकी डालियों से ,
सीखो नित शीश झुकाना |
वर्षा की बूँदों से सीखो,

सबको गले लगाना |
सीख हवा के झोंकों से
लो,कोमल भाव बहाना |

1-फूलों से हमें नित क्या सीखना चाहिए?
(क) रोना (ख) हँसना
(ग) सोना (घ) लड़ना

2-भौरों से हमें नित क्या सीख मिलती है ?
(क) रोना (ख) हँसना
(ग) गाना (घ)बजाना

3-वर्षा की बूंदों से हमें क्या सीख लेनी चाहिए ?
(क) दूसरे को रुलाना (ख) सबको गले लगाना
(ग) सबसे अलग रहना (घ)सबको भगाना

4-हवा के झोंकों से क्या सीख लेनी चाहिए ?
(क) कोमल भाव बहाना (ख) धक्का देना
(ग) दूसरों को देखते ही भाग जाना (घ)दूसरों को क्रोधित करना

5-फूल के दो पर्यायवाची कौन हैम ?
(क) पवन,वायु (ख) पावक ,अग्नि
(ग) वृक्ष ,तरु (घ)पुष्प, सुमन

प्रश्न 5- निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए |1x5= 5

इनकी गाथा छोड़ चले हम झांसी के मैदानों में,
जहां खड़ी है लक्ष्मीबाई मर्द बनी मरदानों में ,
लेफ़्टीनेंट वाकर आ पहुंचा ,आगे बढ़ा जवानों में,
रानी ने तलवार खींच ली,हुआ द्वंद्व असमानों में ,
जख्मी होकर वाकर भागा, उसे अजब हैरानी थी |
बुंदेले हरबोलों के मुह, हमने सुनी कहानी थी |
खूब लड़ी मर्दानी वह तो, झांसी वाली रानी थी |

1-इस पद्यांश में किस स्थान का वर्णन किया गया है ?
(क)राज महलों का (ख)युद्ध के मैदान का
(ग)गली द्वारों का (घ)भारतीय सीमा क्षेत्र का

2-झांसी की रानी को “मर्द बनी मर्दानों” में क्यों कहा गया है ?
(क)वह मर्दों से भी बढ़कर युद्धकला में प्रवीण थी |
(ख) वह मर्दों की भांति युद्ध भूमि में लड़ी
(ग)उसने सभी अंग्रेजी शासकों को मात दी|
(घ)इनमें से कोई नहीं |

3-“हुआ युद्ध असमानों में” का भाव स्पष्ट कीजिए|
(क)वाकर और लक्ष्मीबाई की शक्ति समान न होना |
(ख) लक्ष्मीबाई का बढ़चढ़ कर वाकर से लड़ना
(ग)वाकर को लक्ष्मीबाई का हराना
(घ)वाकर का झांसी पर कब्जा

4-वाकर की हैरानी का क्या कारण था ?
(क)वाकर की सेना का मारा जाना
(ख) लक्ष्मीबाई के युध्द के दांवपेच देखकर
(ग)एक स्त्री से युद्ध में हार जाना |

(घ)लक्ष्मीबाई द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाना |

5-वाकर ने हार जाने पर क्या किया ?
(क)बंदी बन गया
(ख)भाग गया
(ग)ब्रिटेन वापस भेज दिया गया |
(घ)लक्ष्मीबाई से माफी मागने लगा |

प्रश्न 6-किंहीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2x3=6

1-नगर से बाहर निकल कर दो पग चलाने के बाद सीता की क्या दशा हुई ?

2-लक्ष्मीबाई की किन दो सखियों ने युद्ध में भारी तबाही मचाई थी ?

3-कविता ‘मैं सबसे छोटी होऊँ’ में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है ?

4-रानी लक्ष्मीबाई की ललकार ने भारत में क्या प्रभाव दिखाया ?

प्रश्न -7 पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **2x5=10**

(1) -भाषा का मानक रूप क्या है **?** **2**

(2)वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए | 2

जो ईश्वर को मानता हो |

सप्ताह में एक बार होने वाला |

(3) क- दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए| 1

कवि , श्रीमान

ख- दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखिए - 1

नदी , लड़का

(4) क- दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - 1

अनुकूल , अमृत

ख- आ एवं अनु उपसर्ग लगाकर एक-एक शब्द बनाइये | 1

(5)दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए | 2

मैं पत्र को लिखता हूँ |

राम बड़ा चालाक है |

प्रश्न 8-खंड क से कोई दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए | खंड ख अनिवार्य है |

क -2x2=4 ख- 1x4=4=8

क- 1-पक्षीराज जटायु ने सीता के बारे में क्या बताया ? 2

2-रावण की मृत्यु के बाद किसका राज्याभिषेक हुआ ? 2

3-हनुमान लंका नगरी क्यों गए ? 2

ख- -सीता से सपना देखने की बात किसने कही ,उसने सपने के बारे में क्या बताया ? 4

प्रश्न 9-दो दिन के अवकाश हेतु अपने प्रधानाचार्य महोदय को प्रार्थना पत्र लिखिए | 5

अथवा

कक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए | 5

प्रश्न 10 -किसी एक पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए| 5

क-प्रदूषण ख-होली ग- स्वतंत्रता दिवस